# GREENLAWNS HIGH SCHOOL
## FINAL EXAMINATION (2025 - 2026)
## SUBJECT : HINDI (II Language)

**Grade: VIII** **Marks : 80**

**Date :** **Time : 2 ½ hours**

---

***Answers to this paper must be written on the paper provided separately. You will not be allowed to write during the first 10 minutes. This time is to be spent in reading the question paper . The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.***

---

***This paper comprises of two sections – Section A and Section B***
***Attempt all the questions from section A.***
***Attempt any four questions from section B.***

---

## SECTION 'A' (40 Marks)
*Attempt all questions*

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** of approximately **250** words on any **one** of the following topics :- [12]

निम्निलखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त प्रस्ताव लिखिए :-

i) प्रगति के पथ पर बढ़ता भारत

ii) प्लास्टिक बैग पर क्यों प्रतिबंध लगाना चाहिए? इस पर अपने विचार लिखिए ।

iii) सोशल मीडिया का प्रभाव

iv) एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्निलिखत उक्ति हो – 'समय और लहर किसी का इंतजार नहीं करते '।

v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए ।




**Question 2**

Write a letter in **Hindi** in approximately **120** words on any **one** of the topics given below:

निम्न्लिखित में से किसी **एक** विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए: [7]

i)समाचार पत्र के संपादक को सड़क दुर्दशा के संबंध में एक पत्र लिखिए ।

ii)किसी ऐतिहासिक यात्रा का वर्णन करते हुए मित्र को पत्र लिखिए ।

**Question 3**

Read the passage given below and answer in **Hindi** the questions that follow, using your own words as far as possible :-

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए।

आज का युग कलयुग कहलाता है। 'कल' का अर्थ है 'मशीन'। विज्ञान की उन्नति से प्राप्त संसाधनों को देखते हुए यदि इसे मशीनों का युग कहा जाए तो गलत नहीं होगा। आदिमानव का गुफ़ा से बाहर निकल कर नगरों का निर्माण करना, वस्त्र पहनना और भोजन पकाकर खाना सभ्यता के विकास के चरण हैं। इसी के साथ विज्ञान ने मनुष्य के जीवन में प्रवेश किया। आज मनुष्य मशीनों और वैज्ञानिक आविष्कारों के बिना अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकता। विज्ञान आज के समय मानव के जीवन का आधार है।

यातायात के साधनों के सुलभ होने से घंटों की दूरी मिनटों में पूरी की जा सकती है। रेलगाड़ी, मोटर, मेट्रो, वायुयान जैसे यातायात के साधनों ने यात्रा में होने वाली असुविधाओं और कठिनाइयों को कम कर दिया है। धरती ही नहीं आकाश और पाताल के रहस्य भी अब खुलते जा रहे हैं।

बड़े-बड़े पुल और फ्लाईओवर यातायात को सुव्यवस्थित कर रहे हैं। सभी जगह सड़कों और रेलों की पटरियों का जाल-सा बिछ गया है। विज्ञान के आविष्कारों से सारी दुनिया एक बटन में सिमट कर रह गई है। सुबह ब्रश करने से रात को सोने तक के सभी कार्य कपड़े धोना, इस्त्री करना, खाना बनाना, बर्तन धोना, केवल एक बटन दबाने से संपन्न हो जाते हैं।

चिकित्सा के क्षेत्र में हुई अनूठी औषधियों और मशीनों के आविष्कार ने मृतप्राय व्यक्ति के शरीर में भी जान फेंकने का कार्य किया है। प्लास्टिक सर्जरी द्वारा शरीर के अंगों को मनचाहा आकार दिया जा सकता है। टूटे और कटे अंगों के स्थान पर नए अंग लगाए जा रहे हैं। विज्ञान के आविष्कारों के कारण ही हृदय और मस्तिष्क की शल्यचिकित्सा संभव हुई है।

टेलीफ़ोन, टेलीविज़न, मोबाइल फोन और टेबलेट ने देशों को एक-दूसरे के बहुत करीब ला दिया है। यह कहना उचित होगा कि विज्ञान में संसार को एक छोटे से डिब्बे में बंद कर दिया है। परंतु ये सभी आविष्कार तभी उपयोगी हैं, जब मनुष्य इनका सही प्रयोग करे। विज्ञान की शक्ति का दुरुपयोग सारी मानवजाति के विनाश का कारण बन सकता है। हमें इसका सदुपयोग मानव जाति के कल्याण के लिए करना चाहिए।

प्रश्न 1: 'कल' शब्द का क्या अर्थ है और आज के युग को कलयुग क्यों कहा जाता है? [2]

प्रश्न 2: विज्ञान ने यातायात के क्षेत्र में क्या परिवर्तन किए हैं? [2]

प्रश्न 3: चिकित्सा के क्षेत्र में विज्ञान की किन्हीं दो उपलब्धियों को लिखिए । [2]

प्रश्न 4: दैनिक जीवन के कार्य अब कैसे संपन्न होते हैं? [2]

प्रश्न 5: लेखक ने विज्ञान के प्रयोग को लेकर क्या चेतावनी दी है? [2]

**Question 4**

Answer the following according to the instructions given :-

निम्निलखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

**(i)'लहर'** का पर्यायवाची बताइए - [1]

(a) कान्ति, प्रभा

(b) उर्मि, तरंग

(c) वृंद, गण

(d) कर, पाणि

(ii) 'याचक' का विलोम बताइए - [1]

(a) दाता

(b) पाता

(c) विधाता

(d) भोगी

(iii) 'विस्तृत' का भाववाचक संज्ञा बताइए : [1]

(a) विस्तायात्रीत

(b) विसतार

(c) विस्तारित

(d) विस्तार

**(iv)** 'दूसरों के काम में दखल' वाक्यांश के लिए एक शब्द चयन कीजिए । [1]

(a) हस्तक्षेप

(b) सापेक्ष

(c) प्रत्यक्ष

(d) मुमुक्षु

(v) 'साधु' का स्त्रीलिंग चुनकर लिखिए । [1]

(a) सादहवी

(b) साधवि

(c) साधवी

(d) साध्वी

(vi) 'तिथि' का बहुवचन चुन कर लिखिए । [1]

(a) तिथियान

(b) तिथिया

(c) तिथियाँ

(d) तिथियं

(vii) 'मुट्ठी गरम करना' मुहावरे का अर्थ है । [1]

(a) हाथ गरम करना

(b) रिश्वत देना

(c) संगठन में शक्ति

(d) स्वार्थ सिद्ध करना

(viii) 'टेड़ा' शब्द का शुद्ध शब्द बताइए । [1]

(a) तेड़ा

(b) टेडा

(c) टेढ़ा

(d) टेढा

(ix) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए ।

1) एक कहानी की पुस्तक चाहिए। (वाक्य शुद्ध कीजिए) [1]

(a) पुस्तक चाहिए कहानी की

(b) कहानी की पुस्तक चाहिए ।

(c) कहानियों की एक पुस्तक चाहिए ।

(d) कहानी की एक पुस्तक चाहिए ।

2) प्रधानमंत्री उद्घाटन कर रहे हैं । ('द्वारा' शब्द का प्रयोग कीजिए) [1]

(a) प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन किया जा रहा है ।

(b) प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन कर रहे हैं ।

(c) प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन किया जा चुका ।

(d) प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन किया जाएगा ।

3) छत पर बिल्ली लड़ रही है । (बहुवचन में बदलिए) [1]

(a) छत पर बिल्लियाँ लड़ रही है ।

(b) छत पर बिल्ली लड़ रही हैं ।

(c) छत पर बिल्लियाँ लड़ रही हैं ।

(d) बिल्लियाँ लड़ रही है छत पर ।

## SECTION 'B' (40 Marks)
## Attempt any Four questions from Section – B

**Question 5**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-

निम्निलखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

"वैज्ञानिक तथ्य भी है - जब हम अपनी प्रकृति (स्वभाव ) को छोड़ते हैं, उसी समय संकटों में घिरने लगते हैं । यही शाश्वत नियम भी है ।"

i) हम संकटों में कब घिरते हैं ? (2)

ii) लेखक के अनुसार आधुनिक विकास क्या है ? (2)

iii) मनुष्य का क्या स्वभाव है ? वह किस प्रकार पर्यावरण को हानि पहुँचा रहा है ? (3)

iv) 'स्पंदन' यात्रा संस्मरण का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । (3)

**Question 6**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-

निम्निलखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

"ठीक है मैं भी तैयारी करती हूँ प्रतियोगिता की" उत्साहित मनु ने फोन रखते हुए कहा ।

i) काव्या को किस प्रतियोगिता में क्या स्थान मिला उसका विषय क्या था ? (2)

ii) काव्या ने अपने मित्रों को क्या सूचना दी ? (2)

iii) आगम ने झुँझलाते हुए क्या कहा? माँ ने आगम को क्या समझाया ? (3)

iv) प्रतिकूल परिस्थितियों का मुकाबला बच्चे कैसे करेंगे । (3)

**Question 7**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-

निम्निलखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

"देखो, देखो, वह गिरा जा रहा है - उसे बचाओ, दौड़ो मेरे मनोहर को बचा लो ।"

i) मनोहर की प्यारी - प्यारी बातें सुनकर रामेश्वरी ने क्या सोचा ? (2)

ii) रामेश्वरी कितने दिनों तक बुखार में बेहोश पड़ी रही ? होश आने पर उसने क्या पूछा ? (2)

iii) मनोहर की टाँग कैसे उखड़ गई ? (3)

iv) रामेश्वरी ने मनोहर को पतंग पकड़ने से क्यों नहीं रोका ? (3)

**Question 8**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

गुण के गाहक सहस नर, बिन गुण लहे न कोय ।<br>
जैसे कागा कोकिला, शब्द सुनै सब कोय ।।<br>
शब्द सुनै सब कोय, कोकिला सबै सुहावन ।

दोऊ के एक रंग, काग सब भये अपावन ।
कह 'गिरिधर कविराय',सुनो हो ठाकुर मन के ।
बिनु गुण लहै न कोय, सहस नर गाहक गुण के ।

i) कौआ और कोयल में क्या अंतर है ? (2)

ii) शब्दार्थ : (2)

सहस , दोऊ , अपावन , गाहक

iii) 'बिनु गुण लहै न कोय, सहस नर गाहक गुण के' से कवि का क्या अभिप्राय है ? स्पष्ट कीजिए । (3)

iv) प्रस्तुत कुंडलिया से मिलने वाला संदेश अपने शब्दों में लिखिए । (3)

**Question 9**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

जसोदा हरि पालने झुलावै ।
हलरावै, दुलराइ मल्हावै, जोइ - सोइ कछु गावै ।।
मेरे लाल को आउ निंदरिया, काहे न आनि सुवावै ।
तू काहे नहिं बेगहिं आवै, तोको कान्ह बुलावै ।।
कबहुँ पलक हरि मूँदि लेत हैं, कबहुँ अधर फरकावै ।
सोवत जानि मौन हैं कै रहि, करि - करि सैन बतावै ।।
इहिं अंतर अकुलाइ उठे हरि, जसुमति मधुरै गावै ।।
जो सुख 'सूर' अमर मुनि दुरलभ, सो नन्द भामिनी पावै ।।

i) यशोदा किसको सुलाने के लिए क्या प्रयत्न कर रहीं हैं ? (2)

ii) कवि के अनुसार यशोदा किस प्रकार का सुख पा रहीं हैं ? (2)

iii) 'सोवत जानि मौन हैं कै रहि, करि - करि सैन बतावै' पंक्ति के आधार पर प्रस्तुत पद का आशय स्पष्ट कीजिए । (3)

iv) शब्दार्थ :- (3)

बेगहि, अधर, सैन, अकुलाइ, दुर्लभ, भामिनी